"हिन्दी भाषा राष्ट्र निर्माण में सहायक है"
कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (सेना)
Principal Controller of Defence Accounts (Army)
1, करियप्पा मार्ग, लखनऊ छावनी-226002
1, Cariappa Road, Lucknow Cantt.-226002
दूरभाष सं.8887141546/48 Ext. 328
Email.:pcdacchindicell.dad@n.c.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सं.प्रशा./1025/हि.क./पत्रिका/16 वां अंक

दिनांक : 22/11/2023

सेवा में ,

मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग /
सभी अधीनस्थ कार्यालय

विषय : मुख्य कार्यालय की हिंदी गृह पत्रिका 'लेखा भारती ' के 16 वें अंक का प्रकाशनः रचनाओं का प्रेषण।

******

उपर्युक्त विषय में सूचित किया जाता है कि रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (सेना) लखनऊ की गृह पत्रिका 'लेखा भारती' के 16 वें अंक का प्रकाशन किया जाना है ।

पत्रिका के प्रकाशन से राजभाषा के प्रचार-प्रसार के साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों की रचनाधर्मिता प्रस्फुटित होती है एवं उनकी सृजनशीलता को अभिव्यक्ति मिलती है। अतः कार्यालय/अनुभाग प्रभारियों से अनुरोध है कि वे स्वयं तथा अपने अधीन कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दिनांक 20 दिसम्बर 2023 तक साहित्य की विभिन्न विधाओं की रचनाएं यथा लेख, कहानी, साक्षात्कार, अनुभव, रिपोर्ट, संस्मरण, यात्रा वृतांत, कविता आदि राजभाषा अनुभाग(स्थानीय) को प्रेषित कर पत्रिका के प्रकाशन में सहयोग प्रदान करें।

पत्रिका में प्रकाशन हेतु रचनाएँ भेजने के लिए अनुरोध है किः

1. रचनाएँ फुल स्केप कागज पर एक ओर टाइप/स्वच्छ हस्त लिखित होनी चाहिए। रचानाओं को टाइप कर इसकी सॉफ्ट कॉपी ई-मेल पते pcdacchindicell.dad@nic.in पर भी भेजी जा सकती है।

2. अस्वीकृत रचनाएँ वापस नहीं की जाती। अतः एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखें।

3. रचना के साथ लेखक का यह प्रमाण पत्र भी संलग्न होना वांछनीय है कि यह उसकी मौलिक रचना है तथा अन्यत्र कहीं प्रकाशित नहीं हुई है।

पत्रिका में प्रकाशन योग्य सामग्री का चयन, इस हेतु गठित की जाने वाली समिति/सम्पादक मंडल द्वारा किया जायेगा।

वरि.लेखाधिकारी(रा.भा.)

प्रतिलिपि-

स्वचलन कक्ष (स्थानीय) ... संगठन की बेबसाइट पर अपलोड करने हेतु

ह०

वरि.लेखाधिकारी(रा.भा.)

Data/Patrika/Lekha Bharti 13/E patrika 13